## सार-समाचार

### यूडीएच राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा शनिवार को सीकर जिले के दौरे पर

**सीकर,** । नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 7 मार्च 2026 शनिवार को सीकर जिले के दौरे पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया की यूडीएच राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 7 मार्च को चितोड़गढ़ से प्रातः 8 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे महरोली रींगस पहुंचेंगे तथा ढाणी बन्यावाली, कृष्णानगर महरोली में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। यूडीएच राज्य मत्री खर्रा महरोली से दोपहर 2.45 बजे से प्रस्थान कर सायं 4 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा जलधारी फार्म, नला का बालाजी पिपराली रोड़ सीकर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा सायं 5.15 बजे श्री कॉन्वेंट स्कूल सीकर के वार्षिक उत्सव जुबिलेंस 26 कार्यक्रम में भाग लेंगे। यूडीएच मंत्री खर्रा सीकर से सायं 6.30 बजे प्रस्थान कर सायं 7 बजे लोसल पहुंचेंगे तथा शेखावाटी स्पोर्ट एकेडमी लोसल में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। यूडीएच मंत्री खर्रा लोसल से सायं 7.30 बजे प्रस्थान कर रात्रि 8.40 बजे फतेहपुर पहंचेंगे तथा शेखावाटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित होली फाग उत्सव कार्यक्रम धोली सती मंदिर प्रांगण में भाग लेंगे। यूडीएच मंत्री खर्रा फतेहपुर शेखावाटी से रात्रि 9.40 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### खाटूधाम में एटीएस की ईआरटी टीम की मॉकड्रिल

**सीकर,** । जिले के खाटूश्यामजी कस्बे स्थित प्रसिद्ध बाबा श्याम की धार्मिक नगरी खाटूधाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एटीएस की ईआरटी टीम द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। आतंकवादियों के छिपे होने की काल्पनिक सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा अभ्यास किया। मॉकड्रिल के दौरान सुरक्षा टीम ने मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाकों में पहुंचकर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की और आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की तैनाती एवं कार्रवाई की प्रक्रिया का अभ्यास किया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहे। मॉकड्रिल का आयोजन 4 ईआरटी टीम के कमांडर दिनेश कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें टीम सदस्य मुकेश कुमार एवं प्रदीप सहित अन्य जवानों ने भाग लिया। टीम ने मंदिर परिसर में मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की तैयारियों को परखा। मॉकड्रिल का उद्देश्य खाटूधाम में प्रतिदिन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना रहै।

### दिल्ली में यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले अंकित फोगाट, संघर्ष में साथ देने का भरोसा

**झुंझुनूं,** । राजस्थान यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव अंकित फोगाट ने दिल्ली में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब से मुलाकात की। हाल ही में यूएस ट्रेड डील के विरोध को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को सात दिन तक जेल में रखा गया था। इस दौरान फोगाट ने उनसे मुलाकात कर समर्थन व्यक्त किया और आगामी संघर्ष में राजस्थान यूथ कांठोस की ओर से मजबूती से साथ देने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और युवाओं से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही अंकित फोगाट ने एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ से भी मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फोगाट ने छात्र हितों के लिए उनके संघर्ष और प्रतिबद्धता की सराहना भी की।

# 'महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना जरुरी'

**सीकर** । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं उद्यिमता विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला अधिकारिता विभाग, सीकर द्वारा जिला स्तरीय महिला उद्यिमता विकास के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभअतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

■ जागरूकता कार्यशाला आयोजित

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यिमता से जुडकर आत्मनिर्भर बनने तथा अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के प्रतिनिधि हरदुल सिंह भास्कर ने महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यिमता से जोड़ने के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाएं सूक्ष्म एवं लघु उद्योग स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती है। उन्होंने महिलाओं को उद्योग विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। अठाणी बैंक प्रतिनिधि हरवंश सिंह एवं राजस्थान ठाामीण बैंक की प्रतिनिधि शकुन राठौड़ ने बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध ऋण योजनाओं, महिला उद्यिमयों के लिए वित्तीय सहायता तथा स्वरोजगार से जुड़ी बैंकिंग प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंकिंग संस्थाएं महिलाओं को व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहयोग प्रदान कर रही हैं।

कार्यक्रम में राजीविका डीपीएम अर्चना मौर्य ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं बचत, ऋण एवं लघु उद्यमों के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुडकर आयवर्धन गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक लोक सेवाएं इंदिरा शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आ ान किया। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र चौधरी ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं, ठाामसाथिनों एवं बैंक प्रतिनिधियों से पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिकाधिक संख्या में योजना से लाभान्वित कराने का आ ान किया। कार्यशाला में जिले की विभिन्न ठााम पंचायतों से आई महिलाओं, ठाामसाथिनों तथा विभागीय प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## किसान सभा की रेल रोको आंदोलन को लेकर बैठक तेरह को

**चूरू,** अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला अध्यक्ष इंद्राज सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 13 मार्च को रेल रोको आंदोलन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद बाद प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य निर्मल प्रजापत ने बताया कि खरीफ 2021 का बीमा क्लेम कंपनी और सरकार मिलकर सेटेलाइट से दिया है जो नियम विरूद्ध है लगातार आंदोलन के चलते सरकार ने फैसला पलटा भी है लेकिन फिर उसी सेटेलाइट को आधार मानकर किसानों से क्लेम हड़पना चाहती है। लगातार आंदोलन के बाद किसान अब किसान सभा के नेतृत्व में सरकार और बीमा कंपनी को रेल की पटरी पर लाएंगे ओर फैसला कराएंगे। 13 मार्च को बड़ी संख्या में किसान चूरू जिला मुख्यालय पर पहुंच कर रेलवे ट्रैक पर रेल रोकने का काम करेगें। जिला मंत्री उमराव सिंह ने बताया कि पिछले महीने फरवरी में सभी तहसील मुख्यालयों पर किसान महापंचायत हुई है। किसान महापंचायत में रेल रोको आंदोलन का फैसला कर किसान 13 मार्च की तैयारी में लगे हुए है। जिला संयुक्त सचिव रामकृष्ण छींपा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर बीमा क्लेम को लेकर चार महीनों तक लम्बा आंदोलन चला। इस बार रेल रोको आंदोलन एक निर्णायक और ऐतिहासिक आंदोलन होगा।

## जिले में 220293 व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा

**सीकर,** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्डः परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अद्धर्सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 48 लाख 87 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा सीकर जिले में 220293 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है।

## ओबीसी की जातिगत जनगणना की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चूरू,** ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर भाजपा द्वारा ओबीसी के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खिलाफ एससी, एसटी, ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी बिल लागू करने के समर्थन में व 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा टेट से मुक्त करने के समर्थन में हो रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन के संदर्भ में शुक्रवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि हम भारत मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा भारत के संविधान द्वारा दिए गये संवैधानिक व लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत राष्ट्रव्यापी आंदोलन को लेकर ज्ञापन दिया गया। 13 मार्च को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। 23 मार्च को रैली निकाली जायगी। 23 अप्रैल को भारत बंद का आ ान किया जायेगा।

ज्ञापन में मांग की गई कि केन्द्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद भी जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियों का कॉलम नहीं दिया गया। घोषित करने के बाद भी ओबीसी की जाति के कॉलम को न देना ओबीसी के साथ धोखेबाजी है। अतः इस वर्ष होने वाली राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी व जाति का कॉलम बढ़ाया जाए। पहले कमजोर यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाना और फिर सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी कर उस पर रोक लगवाना एससी-एसटी ओबीसी के साथ धोखेबाजी है। अतः एससी-एसटी ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाकर लागू किया जाए। 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट से मुक्त किया जाए। ज्ञापन में बताया कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में गिरधारी लाल तंवर, चानण मल सैनी, डॉ. अशोक जांगिड, हरिकिशन जांगिड़, श्रवण सेन, मगन सिंह, कन्हैयालाल प्रजापत, रामचंद्र सैनी, बैजूराम जांगिड़, टोरुराम सैनी, देवेंद्र सैनी, नारायण स्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पुलिस कर्मियों ने होली खेली

**मुकुंदगढ़** । होली एवं धुलंडी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। इसलिए जगह-जगह मुस्तैद रहे। इसलिए बुधवार को होली के रंगों में रंगे नजर आए। थाना परिसर में पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। थानाधिकारी ताराचंद यादव को पुलिस कर्मियों ने रंग लगाकर बधाई दी। थाना परिसर के पुलिस कर्मियों के साथ रंग में रंगे नजर आए। इस दौरान डीजे के धुन पर बजने वाले होली धमाल व लोक गीतों पर पुलिसकर्मी जमकर थिरके।

## होली के रंगों में सजी सियासी सौहार्द की तस्वीर वसुंधरा राजे से मिला झुंझुनूं प्रतिनिधिमंडल

**झुंझुनूं।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर सामाजिक सौहार्द, आस्था और राजनीतिक आत्मीयता का एक सशक्त दृश्य उस समय सामने आया जब झुंझुनूं जिले के बुहाना क्षेत्र से गया प्रतिनिधिमंडल राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके निवास स्थान पर मिला। श्री लक्ष्मी मठ आश्रम बुहाना के महंत श्री चंद्रशेखरानंद के नेतृत्व में हुए इस आत्मीय मिलन ने न केवल होली के पर्व की खुशियों को साझा किया, बल्कि क्षेत्रीय विकास, धार्मिक आस्था और सामाजिक सरोकारों को लेकर भी सकारात्मक संदेश दिया। गुरुवार को हुई इस महत्वपूर्ण मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए झुंझुनूं जिले के बुहाना क्षेत्र में पधारने का सादर निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से बुहाना स्थित गौशाला में आकर गौसेवा के इस पावन कार्य को आशीर्वाद देने का आठाह किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी महेश बसावतिया, गौड़ ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित, कृष्ण जोशी, सुरेश शर्मा तथा सुरेन्द्र शर्मा (प्रिंसिपल) सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बुहाना क्षेत्र में संचालित धार्मिक, सामाजिक और जनहित से जुड़े कार्यों की जानकारी भी राजे को दी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रतिनिधिमंडल की आत्मीयता और आठाह का सम्मान करते हुए निकट भविष्य में झुंझुनूं आने तथा बुहाना की गौशाला में दर्शन देने की सहमति जताई। उन्होंने क्षेत्र में सामाजिक समरसता और गौसेवा जैसे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों को मजबूत करते हैं।

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 7/2026

**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी मनोहर सिंह शेखावत सचिव श्री रोड का बालाजी मन्दिर ट्रस्ट घोडीवारा कलां झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास अन्तर्गत प्रन्यास श्री रोड का बालाजी मन्दिर ट्रस्ट घोडीवारा कलां झुंझुनूं न्यास के न्यासीयों का स्वर्गवास हो जाने के कारण उनके नाम दर्ज अभिलेखों से हटाने व न्यास की बैठक दिनांक 17.07.2023 मे लिये गये निर्णय अनुसार नियुक्त किये जाने गये नवीन न्यासीयों के नाम दर्ज अभिलेख हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 6.2.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 7.4.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

